
# नव भारत

1934 से

# मध्यप्रदेश में तेज बारिश व ओले से बढ़ीं मुश्किलें

- नौतपा में बदला मौसम का मिजाज
- बारिश और आंधी ने बढ़ाई मुश्किलें, प्रदेश बेहाल



**रीवा/भोपाल, 31 मई. मध्य प्रदेश में मौसम ने इस बार पूरी तरह से अप्रत्याशित रुख अपनाया है. नौतपा के बीच जहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की आशंका थी, वहीं प्री-मानसून गतिविधियों के चलते कई जिलों में तेज बारिश और ओलावृष्टि ने लोगों को राहत के साथ-साथ परेशानी भी दी है.**

रीवा में हुई बारिश से मंडी में रखा अनाज भीग गया, जबकि मैहर में खराब मौसम के कारण शारदा माता मंदिर का रोप-वे सेवा अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी। सतना में तेज अंधड़ के बाद अचानक मौसम बदल गया और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, जिससे कुछ ही समय में कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई. मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट जारी किया है. देवास, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, छतरपुर, कटनी और शहडोल में भारी बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है. वहीं प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में गरज-चमक और हल्की बारिश का अनुमान लगाया गया है। शनिवार को भी प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में बारिश दर्ज की गई थी. कई जगह तेज हवाओं और बिजली गिरने जैसी घटनाओं ने मौसम को और अस्थिर बना दिया. टीकमगढ़, दतिया और नौगांव जैसे क्षेत्रों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. लगातार बदलते मौसम ने किसानों और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां खेतों में तैयार फसल और मंडियों में रखा अनाज प्रभावित हुआ है.



# आरसीबी बनी चैम्पियन

## गुजरात टाइटंस को उसी के घर में 5 विकेट से हराया

**अहमदाबाद 31 मई.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. आरसीबी ने 12 गेंद शेष रहते हुए गुजरात की टीम को 5 विकेट से हराया.

बेंगलुरु की बैक टू बैक दूसरी आईपीएल ट्रॉफी रही. वहीं आरसीबी इस जीत के साथ मुंबई (2019, 2020) और चेन्नई (2010, 2011) के क्लब में शामिल हो गई, जिसने लगातार दो बार आईपीएल का खिताब जीता. आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ही जीता था, जो उसका पहला खिताब था. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी के तेज गेंदबाजों ने कमाल दिखाया, खासकर रसिक सलाम डार ने, जिन्होंने 3 विकेट लिए . इसके बाद चेज मास्टर विराट कोहली ने शानदार 42 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेली. खास बात यह रही कि कोहली ने छक्का जड़कर अपनी टीम को खिताब दिलाया. वो अंत तक नाबाद रहे.

# जनशक्ति से आगे बढ़ रहा देश

## मन की बात में बोले प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 31 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण में देशभर में हो रहे प्रेरणादायी सामाजिक कार्यों, खेल उपलब्धियों और जनभागीदारी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अपने लोगों की शक्ति और सकारात्मक प्रयासों के बल पर लगातार आगे बढ़ रहा है.**

उन्होंने नागरिकों से समाज के लिए काम करने वाले लोगों की पहचान करने, उनकी सराहना करने और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर गांव और शहर में ऐसे अनेक लोग हैं जो बिना किसी चर्चा या प्रचार के समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं.ऐसे प्रयास देश को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं.

उन्होंने तमिलनाडु की शिक्षिका गिरिजा अम्मा का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को सैनिकों के लिए प्रतिदिन एक रुपये का



**प्रमुख बिंदु**

- प्रधानमंत्री ने मन की बात के 134वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया.
- समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों के प्रयासों की सराहना की.
- शिक्षिका गिरिजा अम्मा की सैनिक सहायता पहल का उल्लेख किया.
- केरल के साजी वलाशेरिल के नि:शुल्क तैराकी अभियान को सराहा.
- गंगा डॉल्फिन बचाव और मनोरमा नदी सफाई अभियान का जिक्र किया.

देने के लिए प्रेरित किया.इस पहल से करीब 40 लाख रुपये एकत्र हुए, जिसे सैनिकों के कल्याण के लिए समर्पित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने केरल के आलुवा निवासी साजी वलाशेरिल की भी सराहना की, जो वर्षों से निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण दे रहे हैं.उनके प्रयासों से अब तक 15 हजार से अधिक लोग तैरना सीख चुके हैं, जिनमें दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं.

प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि मजबूत संकल्प और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है।उन्होंने उत्तर प्रदेश में गंगा डॉल्फिन बचाव अभियान का भी उल्लेख किया, जिसमें करीब 13 घंटे की मशक्कत के बाद एक डॉल्फिन को सुरक्षित बचाकर नदी में छोड़ा गया.इसके साथ ही बस्ती जिले के आकाश गुप्ता और उनके साथियों द्वारा मनोरमा नदी की सफाई के लिए चलाए गए अभियान की भी सराहना की.

# दिल्ली में बिल्डिंग गिरने से 6 की मौत

**नई दिल्ली, 31 मई. दक्षिण दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम एक तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई, जिससे छः लोगों की मौत हो गई. हादसे के बाद मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, पुलिस, दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. वहीं, दिल्ली नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए भवन विभाग के दो**

**अवैध निर्माण पर कार्रवाई के आदेश, मालिक पर केस दर्ज**

**अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।**

जानकारी के अनुसार इस हादसे में मेडिकल छात्रों समेत कई लोग प्रभावित हुए हैं. पुलिस ने बिल्डिंग मालिक कर्मवीर जेलदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश जारी है. प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अवैध और असुरक्षित निर्माणों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटनास्थल का दौरा किया और स्पष्ट कहा कि राजधानी में मौजूद सभी अनधिकृत भवनों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. जानकारी के मुताबिक, इमारत में कोचिंग सेंटर, कैफे और ऑफिस संचालित हो रहे थे, जबकि तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था.

# चीन नहीं, अब भारत पर अमेरिका को भरोसा

- रक्षा सचिव ने भारत को बताया हिंद-प्रशांत का अहम साझीदार
- अमेरिका ने माना भारत का लोहा, जमकर की तारीफ

**सिंगापुर/वॉशिंगटन, 31 मई. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच अमेरिका ने भारत को अपना प्रमुख रणनीतिक और सुरक्षा साझीदार बताया है.**

सिंगापुर में आयोजित प्रतिष्ठित



शांगरी-ला डायलॉग सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने भारत की बढ़ती सैन्य क्षमता, रक्षा आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय स्थिरता में उसकी भूमिका की खुलकर प्रशंसा की.

> हेगसेथ ने कहा कि भारत दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है . उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बना रहा है, बल्कि उच्च स्तरीय सैन्य अभियानों को समर्थन देने के लिए मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षमता भी विकसित कर रहा है .

# इजराइल का लेबनान में बड़ा सैन्य दावा, किला कब्जे में

**तेल अवीव/ वॉशिंगटन, 31 मई. इजराइल और लेबनान के बीच जारी तनाव एक बार फिर गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है. इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में स्थित ऐतिहासिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ब्यूफोर्ट किले पर नियंत्रण हासिल कर लिया है.**

यह किला लगभग 900 साल पुराना है और 700 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जिससे पूरे क्षेत्र पर रणनीतिक निगरानी संभव है. इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज के अनुसार, सेना ने आसपास के गांवों में कई दिनों तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद यह सफलता हासिल की है। जारी किए गए वीडियो और तस्वीरों में इजराइली सैनिक किले पर झंडा फहराते हुए दिखाई दे रहे हैं.




5 crore+ HAPPY CUSTOMERS | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. World's largest Two-wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: SIAM Certificate. ^Finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Limited period offer, T&C apply. ¹Green Bonus is applicable to Pan India on select Hero Products and Bonus amount may vary as per model/variant. Internal bench marking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ DRUM BRAKE OBD2B in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.